# संचार और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय

## मांग संख्या 12

### डाक विभाग

क. वसूलियों और राजस्व प्राप्तियों को घटाने के बाद, बजट आबंटन इस प्रकार हैः

*(करोड़ रुपए)*

| | मुख्य शीर्ष | बजट 2001-2002 | | | संशोधित 2001-2002 | | | बजट 2002-2003 | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | आयोजना | आयोजना-भिन्न | जोड़ | आयोजना | आयोजना-भिन्न | जोड़ | आयोजना | आयोजना-भिन्न | जोड़ |
| राजस्व | | 29.64 | 1432.54 | 1462.18 | 29.64 | 1356.95 | 1386.59 | 23.46 | 1106.95 | 1130.41 |
| *पूंजी* | | *105.36* | *-10.99* | *94.37* | *69.41* | *-10.99* | *58.42* | *126.54* | *-11.49* | *115.05* |
| **जोड़** | | **135.00** | **1421.55** | **1556.55** | **99.05** | **1345.96** | **1445.01** | **150.00** | **1095.46** | **1245.46** |
| **डाक सेवाएं** | | | | | | | | | | |
| ***राजस्व भाग*** | | | | | | | | | | |
| 1. सामान्य प्रशासन | 3201 | 0.22 | 310.00 | 310.22 | 0.22 | 305.00 | 305.22 | 4.68 | 312.00 | 316.68 |
| 2. डाक सेवा नेटवर्क | 3201 | 16.75 | 2772.27 | 2789.02 | 18.00 | 2659.03 | 2677.03 | 7.53 | 2706.45 | 2713.98 |
| 3. डाक की छंटाई | 3201 | ... | 430.00 | 430.00 | ... | 415.00 | 415.00 | ... | 425.00 | 425.00 |
| 4. डाक परिवहन | 3201 | ... | 390.00 | 390.00 | ... | 395.52 | 395.52 | ... | 398.85 | 398.85 |
| 5. एजेंसी सेवाएं | 3201 | 0.32 | 141.00 | 141.32 | 0.32 | 150.00 | 150.32 | ... | 151.50 | 151.50 |
| 6. लेखे और लेखा परीक्षा | 3201 | ... | 90.00 | 90.00 | ... | 85.35 | 85.35 | ... | 86.80 | 86.80 |
| 7. इंजीनियरी | 3201 | 5.35 | 61.00 | 66.35 | 4.40 | 63.05 | 67.45 | 0.20 | 66.05 | 66.25 |
| 8. कर्मचारियों की सुविधाएं | 3201 | ... | 36.00 | 36.00 | ... | 40.00 | 40.00 | ... | 42.00 | 42.00 |
| 9. पेंशनें | 3201 | ... | 835.00 | 835.00 | ... | 875.00 | 875.00 | ... | 892.00 | 892.00 |
| 10. लेखन-सामग्री और मुद्रण | 3201 | ... | 71.00 | 71.00 | ... | 68.00 | 68.00 | ... | 71.00 | 71.00 |
| 11. अन्य | 3201 | 3.19 | 48.73 | 51.92 | 2.89 | 53.50 | 56.39 | 9.25 | 55.30 | 64.55 |
| **12. जोड़ राजस्व व्यय-डाक सेवाएं** | | **25.83** | **5185.00** | **5210.83** | **25.83** | **5109.45** | **5135.28** | **21.66** | **5206.95** | **5228.61** |
| 13. घटाइए - प्राप्तियां | 1201 | ... | -3752.46 | -3752.46 | ... | -3752.50 | -3752.50 | ... | -4100.00 | -4100.00 |
| *14. निवल* | | *25.83* | *1432.54* | *1458.37* | *25.83* | *1356.95* | *1382.78* | *21.66* | *1106.95* | *1128.61* |
| 15. पूर्वोत्तर क्षेत्र और सिक्किम के हितों के लिए परियोजनाओं/स्कीमों हेतु एकमुश्त प्रावधान | 2552 | 3.81 | ... | 3.81 | 3.81 | ... | 3.81 | 1.80 | ... | 1.80 |
| ***पूंजी भाग*** | | | | | | | | | | |
| 1. डाक संबंधी नेटवर्क | 5201 | 8.08 | 2.00 | 10.08 | 7.72 | 2.00 | 9.72 | 10.32 | 2.00 | 12.32 |
| 2. प्रशासनिक कार्यालय | 5201 | 1.72 | ... | 1.72 | 1.62 | ... | 1.62 | 5.00 | ... | 5.00 |
| 3. कर्मचारियों के लिए क्वार्टर | 5201 | 7.07 | ... | 7.07 | 7.05 | ... | 7.05 | 6.25 | ... | 6.25 |
| 4. यांत्रिकीकरण और आधुनिकीकरण | 5201 | 77.19 | ... | 77.19 | 46.02 | ... | 46.02 | 91.53 | ... | 91.53 |
| 5. अन्य | 5201 | 0.85 | 0.01 | 0.86 | 0.85 | 0.01 | 0.86 | 0.24 | 0.01 | 0.25 |
| 6. उत्तर-पूर्वी क्षेत्र | 4552 | 10.45 | ... | 10.45 | 6.15 | ... | 6.15 | 13.20 | ... | 13.20 |
| 7. घटाइए-प्राप्तियां और वसूलियां | 5201 | ... | -13.00 | -13.00 | ... | -13.00 | -13.00 | ... | -13.50 | -13.50 |
| पूंजी भाग (निवल) | | **105.36** | **-10.99** | **94.37** | **69.41** | **-10.99** | **58.42** | **126.54** | **-11.49** | **115.05** |
| ***कुल जोड़*** | | ***135.00*** | ***1421.55*** | ***1556.55*** | ***99.05*** | ***1345.96*** | ***1445.01*** | ***150.00*** | ***1095.46*** | ***1245.46*** |

| **ग. आयोजना परिव्यय** | विकास शीर्ष | बजट समर्थन | आं.ब.बा.सं. | जोड़ | बजट समर्थन | आं.ब.बा.सं. | जोड़ | बजट समर्थन | आं.ब.बा.सं. | जोड़ |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| डाक सेवाएं | 13201 | 135.00 | ... | 135.00 | 99.05 | ... | 99.05 | 150.00 | ... | 150.00 |

डाक विभाग, जो संचार और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रणाधीन है, देश में डाक सेवाओं की आयोजना, विकास, विस्तार, प्रचालन और अनुरक्षण के लिए उत्तरदायी है। यह सरकार के अन्य विभागों के लिए अल्प बचत योजनाओं, डाक जीवन बीमा योजना आदि के संबंध में कुछ अभिकरण कार्य भी करता है। विभिन्न कार्यक्रमों और क्रियाकलापों के क्रियान्वयन के लिए, विभाग के पास 5 डाक प्रशिक्षण केन्द्र और गाजियाबाद स्थित एक पोस्टल स्टाफ कालेज के अलावा 22 डाक परिमण्डलों का एक नेटवर्क हैं।

2. इस मांग में डाक सेवाओं के राजस्व और पूंजी व्यय के लिए व्यवस्था है। राजस्व भाग में, कार्यचालन व्यय के लिए व्यवस्था है, जिसमें एजेंसी सेवाओं के संबंध में व्यय और लेखा परीक्षा तथा पेंशन प्रभारों से संबंधित व्यय भी शामिल है। डाक सेवाओं के राजस्व भाग में होने वाला निवल घाटा (अर्थात् सकल व्यय में से डाक आय को घटाकर) सरकार के सामान्य राजस्व से पूरा किया जाता है। पूंजी भाग में मोटर डाक गाड़ियों की खरीद, काउन्टर सेवाओं के उन्नयन, मुद्रा अन्तरण की इलैक्ट्रानिक पद्धति लागू करने, डाक संसाधन प्रणालियों के यंत्रीकरण, डाक स्टोर डिपो के कम्प्यूटरीकरण आदि के माध्यम से डाकघरों के आधुनिकीकरण के अतिरिक्त चालू प्रचालन संबंधी इमारतों और कर्मचारी क्वार्टरों, कम्प्यूटरीकरण आदि के विस्तार कार्य को पूरा करने के लिए व्यय की व्यवस्था की गई है।

3. बजट अनुमान 2001-2002 में 3752.46 करोड़ रुपए और संशोधित अनुमान 2001-2002 में 3752.50 करोड़ रुपए की तुलना में बजट अनुमान 2002-2003 में 4100.00 करोड़ रुपए की प्राप्तियों का अनुमान लगाया गया है।

4. इस वर्ष के बजट में डाक सेवाओं के सामान्य विकास और विस्तार की व्यवस्था की गई है।

वर्ष 2002-2003 के आयोजना परिव्यय में परिकल्पित मुख्य वास्तविक लक्ष्य मोटे तौर पर इस प्रकार हैः-

(i) 500 पंचायत संचार सेवा केंद्र खोलना।

(ii) 275 डाक घर खोलना।

(iii) 150 डाक घरों, 10 प्रधान रिकार्ड कार्यालयों, 20 पंजीकरण छँटाई केन्द्रों, 2 सर्कल स्टाम्प डिपो, 3 डाक लेखा कार्यालयों, 7 सर्कल कार्यालयों, 62 ग्राहक सुविधा केन्द्रों, 100 स्पीड पोस्ट बुकिंग/डिलीवरी कार्यालयों का कम्प्यूटरीकरण/नेटवर्किंग।

(iv) एक राष्ट्रीय आंकड़ा केन्द्र की स्थापना।

(v) 100 डाक घरों, मेल कार्यालयों तथा स्पीड पोस्ट केन्द्रों, प्रत्येक के कर्मचारी तंत्र में सुधार।

(vi) 7 मेल मोटर वाहनों का प्रबन्ध।

(vii) 5 एक्सप्रेस पार्सल डाक केन्द्रों तथा एक अंतर्राष्ट्रीय पार्सल डाक केन्द्र की स्थापना।

(viii) 25 जिला स्तर की टिकट-संग्रहण/प्रदर्शनियों का संगठन।

(ix) बिक्री केन्द्रों के 400 स्थानों की स्थापना।

(x) 2 लाख स्मार्ट कार्ड्स।

(xi) 41000 समूह "ग" कर्मचारियों, 100 समूह "क" अधिकारियों को सेवाकाल में प्रशिक्षण तथा 28000 कर्मचारियों को कम्प्यूटर प्रशिक्षण।